

# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-13 मंगलवार, दिनांक-16 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.42 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(iv) 108 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **सरकार का वक्तव्य :-**

प्रश्नकाल की समाप्ति के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में आयी बाढ़ की अद्यतन स्थिति, उससे प्रभावित क्षेत्रों एवं सरकार द्वारा किए जा रहे उपाय पर सदन में वक्तव्य दिया गया । साथ ही सदन को आश्वस्त किया गया कि सरकार बाढ़ से उत्पन्न हालात पर संवेदनशील है और राहत कार्य के लिए सचेत और सजग है ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री मो० नवाज आलम
(iii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iv) श्री ललन पासवान
(v) श्री विजय कुमार खेमका
(vi) श्री महबूब आलम
(vii) श्री सुदामा प्रसाद
(viii) श्री राजेन्द्र कुमार
(ix) श्री संजीव चौरसिया
(x) श्री मदन मोहन तिवारी
(xi) श्री सुधीर कुमार
(xii) श्रीमती भागीरथी देवी
(xiii) श्री चंदन कुमार
(xiv) श्री वशिष्ठ सिंह
(xv) श्री विद्या सागर केशरी
(xvi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xvii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव | (xviii) | श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह |
| (xix) | सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान | (xx) | श्री शमीम अहमद |
| (xxi) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xxii) | श्री जिवेश कुमार |
| (xxiii) | श्री सत्यदेव राम | (xxiv) | डा० राजेश कुमार |

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री मुनेश्वर चौधरी एवं अन्य सात सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से दिनांक-9 जुलाई, 2019 को स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग श्री बृज किशोर बिन्द द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री भोला यादव एवं अन्य चार सभासदों के सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री भोला यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग किए जाने के फलस्वरूप आसन द्वारा इसे स्थगित किए जाने की घोषणा की गई ।

(iii) माननीय सदस्य श्री डा० रामानुज प्रसाद एवं अन्य तीन सभासदों के शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री डा० रामानुज प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-10 (भवन निर्माण विभाग, वित्त विभाग, पेंशन तथा वाणिज्य-कर विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, श्री अशोक चौधरी द्वारा भवन निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री आलोक कुमार मेहता

(ii) श्री बशिष्ठ सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री डा० अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (iii) | श्री राजीव नन्दन | (iv) | श्री मनोहर प्रसाद सिंह |
| (v) | श्री समीर कुमार महासेठ | (vi) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह |
| (vii) | श्री विजय प्रकाश | (viii) | श्री चन्द्रसेन प्रसाद |
| (ix) | श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव | (x) | श्री महबूब आलम |
| (xi) | श्रीमती भागीरथी देवी | (xii) | श्री निरंजन कुमार मेहता |

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तदोपरान्त माननीय उपमुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त तथा वाणिज्य-कर विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा विभाग की उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, भवन निर्माण विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा भवन निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 35 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-17 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-16.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।